तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 16 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 शिक्षक की मांग, सेजस कोरबी के छात्र पहुंचे जिला मुख्यालय




# अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.

**इच्छुक छात्र आवेदन करें**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी




## खबर संक्षेप

### आईटीआई पाली में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन 23 तक

**कोरबा।** प्रवेश सत्र 2025-26, 2025-27 हेतु शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पाली जिला कोरबा में संचालित एनसीव्हीटी व्यवसाय-कोपा, विद्युतकार, फिटर, मोटर मेकेनिक और वेल्डर में प्रवेश के लिए 16 से 23 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा जारी विभागीय वेबसाइट पर जाकर आर्नलाईन फार्म भर सकते हैं।

### जिले के अऋणी किसान 31 तक फसलों का करा सकते हैं बीमा

**कोरबा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान को नजदीकी ग्राहक सेवा केन्द्र में जाकर बीमा कराना आवश्यक होगा। जिसके लिए कृषक अपने गांव के कृषक मित्र से संपर्क कर सकते हैं। खरीफ फसल के लिए कृषक द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का 2 प्रतिशत है। धान सिंचित के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 60 हजार रूपये और किसान द्वारा देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 1200 रूपये है। इसी प्रकार धान असिंचित के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 43 हजार व किसान द्वारा देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 860 रूपये, मक्का के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 36 हजार और किसान द्वारा देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 720 रूपये, कोदो के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 16 हजार व किसान द्वारा देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 320 रूपये, उड़द के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 22 हजार व देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 440 रूपये, अरहर के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 35 हजार रुपए देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 700 रूपये एवं मूंगफली के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 42 हजार व देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 840 रूपये निर्धारित है।

### रोजगार पंजीयन को आधार से कराना होगा लिंक

**कोरबा।** जिला रोजगार कार्यालय में पंजीयन हेतु आधार कार्ड अनिवार्य है। वर्ष 2024 के पूर्व में पंजीयन कराये गये आवेदकों को सलाह दी गई है कि माह अगस्त 2025 तक रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक करवाना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय कोरबा में समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों एवं आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर अपने रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक करवा सकते हैं। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में रोजगार पंजीयन ऑनलाईन वेबसाईट अथवा अभ्यर्थी छग रोजगार एप्प के माध्यम से स्वयं कर सकते हैं अथवा जिला रोजगार कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर पंजीयन करवाया जा सकता है।

### सौ वर्ष से अधिक उम्र वालों का आधार सत्यापन 25 से

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की पांचवीं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यूआईडीएआई हैदराबाद के प्रोजेक्ट मैनेजर आशीष कुमार ने पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से अधिकारियों को जिले में संचालित विभिन्न आधार सेवाओं की जानकारी दी। प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि जिले में सौ वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों के आधार कार्ड का सत्यापन कार्य 25 जुलाई से प्रारंभ किया जाएगा।

## नए नियम से ट्रेलर और ट्रक मालिक संकट में

# वर्ष 2030 तक कोयले का रोड परिवहन होगा जीरो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आने वाले पांच सालों में कोयला परिवहन का पूरा सिस्टम बदलने वाला है। अब रोड परिवहन को पूरी तरह बंद कर केवल रेल मोड ही चलेगा। वर्ष 2030 तक इसे 100 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। रोड के जरिए केवल पास के उद्योगों को कोयला भेजा जाएगा। माइंस से सटे प्लांटों में कन्वेयर बेल्ट लगाना पड़ेगा।

**खास बात**

- केवल लोकल में कुछ किमी तक ही चलेंगे ट्रेलर, पूरा परिवहन रेल मोड से


फाइल फोटो

जिले में सैकड़ों ट्रेलर मालिकों को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जिले में कोयला उत्पादन के साथ परिवहन भी बहुत बड़ा उद्योग है। सैकड़ों परिवार हैं जो कोयला परिवहन कारोबार के सहारे चल रहे हैं। अब इस कारोबार पर संकट आ सकता है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2030 तक सभी कोयला खदानों को रेल नेटवर्क से जोडऩे की डेडलाइन दी है। माइंस से कोयला रैक के जरिए एंड यूज प्लांट तक पहुंचाना है। कोल इंडिया के अलावा सभी प्राइवेट कंपनियों को इसका पालन करना होगा। रोड के जरिए दूर तक कोयला परिवहन नहीं किया जा सकेगा। जिले में आने वाले सालों में करीब 8 नई खदानें प्रारंभ हो जाएंगी। इसीलिए कोयला परिवहन के लिए ईस्ट रेल कॉरीडोर बिछाई जा रही है। अब इस कॉरीडोर को कोरबा से जोड़ते हुए एक सर्कल बनाया जा रहा है। इसके अलावा तमनार, घरघोड़ा और धरमजयगढ़ में रेलवे साइडिंग भी बनाई जा रही है। वर्ष 2030 के बाद किसी भी कंपनी को रोड के जरिए कोयला ले जाने की अनुमति नहीं होगी। आने वाले 5 साल में धरमजयगढ़ और तमनार में ही करीब 8 नई खदानें शुरू होंगी। इसके बाद कोरबा एरिया में एसईसीएल को मिलाकर 100 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन हो जाएगा। केवल एसईसीएल ही 50 मिलियन टन प्रतिवर्ष से अधिक कोयला उत्पादन करेगा।

**एसईसीएल और एनटीपीसी अपना चुके रेल मोड**

वर्तमान में एसईसीएल का करीब 70 प्रतिशत कोयला रेल मोड से जा रहा है। बाकी का 30 प्रतिशत ही रोड सेल है। वर्ष 2030 तक यह भी रेल मोड से हो जाएगा। जिले में स्थित छोटे प्लांटों तक कोयला रोड के जरिए पहुंचाने की मजबूरी है लेकिन प्राइवेट कंपनियों को अपनी माइंस से कोयला रेल नेटवर्क के जरिए ही भेजना पड़ेगा। कर्नाटका, महाराष्ट्र, राजस्थान, मप्र, राजस्थान, गुजरात आदि राज्यों को कोयला रेल से भेजा जाएगा। एनटीपीसी भी रैक के जरिए ही कोयला भेज रहा है। माइंस के नजदीक स्थित प्लांटों को कोयला ले जाने के लिए कन्वेयर बेल्ट बनाना होगा। सरकार किसी भी तरह से रोड सेल को खत्म करना चाहती है ताकि पर्यावरण प्रदूषण कम हो।

# पहाड़ पर सजी थी जुए की महफिल, 15 जुआड़ियों से नकद सहित 18 बाइक व एक कार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा थाना क्षेत्र के पहाड़ी इलाके में लंबे समय से जुआ का अड्डा सक्रिय था, जहां जंगल के बीच ऊंचे पहाड़ पर टेंट लगाकर जुआ और शराबखोरी की महफिल सजाई जा रही थी। जुआरियों को न तो जंगली जानवरों का डर था न आकाशीय बिजली की परवाह पेड़ों के नीचे टेंट लगाकर बेखौफ जुआ चल रहा था। जुआ की महफिल में सिर्फ कटघोरा ही नहीं बल्कि पाली, कोरबा, रतनपुर और यहां तक कि पड़ोसी जिला बिलासपुर से भी जुआरी शामिल होते थे। बताया जाता है कि ये लोग शराब, पानी के पाउच और चखना साथ लेकर आते थे। लाखों का दांव रोजाना लगाया जा रहा था। इसी बीच कोरबा पुलिस की टास्क टीम ने पाली क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ की इस महफिल को भंग कर दिया। कार्रवाई के दौरान 15 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से 1 लाख रुपए से ज्यादा नकद राशि, 18 बाइक और एक कार जब्त की है।


पकड़े गए जुआड़ी।

# सड़क हादसे में नाबालिग की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत चोढ़ा निवासी अशोक पोर्ते का पुत्र 17 वर्षीय गौरव पोर्ते अपने बाईक से अपने साथी विमल उर्रे उम्र 16 वर्ष के साथ सोमवार शाम लगभग 7 बजे रेकी - हरदी बाजार की ओर दुकान कपड़ा लेने आ रहा था। इसी बीच अंडीकछार टिनटिकिया के छोटा पुल के पास जॉन्डियर ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया जहां नाबालिग युवक गौरव पोर्ते की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा साथी विमल को भी काफी चोटे आई हैं जिसे प्राथमिक उपचार के लिए स्वस्थ विभाग भेजा गया जो कि गौरव पोर्ते का परिजन सूचना मिलते ही थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराया है। हरदीबाजार पुलिस टीम मौके पहुंचकर घटनास्थल का जांच करते हुए ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेते हुए फरार चालक के ऊपर कार्यवाही किया है जो कि ट्रैक्टर नल जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य करता है। ग्राम नेवसा से काम कर वापस ग्राम चोढा आ रहा था इसी बीच रात्रि 8.30 बजे घटना हो गया। पुलिस द्वारा चालक का पतासाजी करते हुए मृतक का पंचनामा पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# स्टेशन मार्ग पर लोको पायलट से लूट की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर शनि मंदिर के पास असामाजिक तत्वों का आतंक बढ़ गया है। एक रेलवे लोको पायलट इसका शिकार हुआ और बताया कि अक्सर रेलवे कर्मचारी इस तरह के आतंक का शिकार होते रहते हैं।

**खास बात**

- रात में ड्यूटी जाने के दौरान हुई घटना

जानकारी के मुताबिक पीड़ति राकेश कुमार साहू पिता बलदाऊ साहू सहायक लोको पायलट के पद पर भारतीय रेलवे से कोरबा लॉबी में पदस्थ है। वह 13 जुलाई की रात लगभग 11:30 अपने ड्यूटी के लिए जा रहा था कि अचानक 2-3 लोग ऑटो में आकर शनि मंदिर नहर पुल के पास उसकी गाड़ी के सामने रास्ता रोक कर खड़े हो गए। ऑटो का नंबर सीजी 12 बीपी 7576 था और वो लोग शराब के नशे में हाथापाई कर दारु पीने के लिए पैसा व मोबाइल मांग रहे थे। उसमें से दो-तीन लड़के हाथापाई किये व गाड़ी का चाबी निकालने की कोशिश कर रहे थे। नहीं देने पर उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। मारपीट करने वाले युवकों में एक का नाम गोलू तथा बाकि लोग उसके मित्र हैं। लोको पायलट ने बताया कि इस प्रकार की घटना रेलवे कर्मचारियों के साथ उस स्थान पर होती रहती है। पीड़ति ने कठोर से कठोर कार्यवाही कर इस प्रकार की होने वाली घटना पर अंकुश लगाने का आग्रह किया है। लिखित शिकायत पर कोतवाली में आरोपी गोलू और उसके साथियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) 2023 की धारा 126(2), 115(2), 119(1), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# सण्डेल में शासकीय घास मद भूमि पर फर्जीवाड़ा पटवारी व दलालों पर मिलीभगत का लगा आरोप


ज्ञापन देने कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगबुंदिया

बरपाली के ग्राम पंचायत सण्डेल में शासकीय घास मद की भूमि को लेकर एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। सरपंच पति उपसरपंच एवं गांव के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि हल्का पटवारी आभा सोनी और उनके सहयोगी कोमल प्रसाद ने भूमि दलालों के साथ मिलकर फर्जी नामांतरण और पट्टे जारी कर शासकीय जमीन को निजी व्यक्तियों के नाम पर दर्ज कर दिया है।

**खास बात**

- कलेक्टर ने दोषियों पर सख्त कार्यवाही का दिया आश्वासन

इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर अजीत वसंत को विस्तृत शिकायत सौंपी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि खसरा नंबर 400 और 499 जो कि ग्राम सण्डेल की शासकीय घास मद की भूमि है, उसे षड्यंत्रपूर्वक कुछ खास लोगों को आबंटित कर दिया गया। इसके लिए ग्राम पहंदा (कोरबा) के नामांतरण आदेश का दुरुपयोग किया गया। आदेश का उपयोग सण्डेल गांव के लिए कर एक ही परिवार के कई सदस्यों को फर्जी पट्टे जारी कर दिए गए। इसमें ननकीराम, अमृतलाल, कीर्तनलाल, देवनारायण, मेघराज, सत्यनारायण, विनोद कुमार, अहिल्याबाई, कविता कश्यप, अमिल सिंह बिंझवार, मिलौतिन बिंझवार, जयकिशन चौकसे (भूमि दलाल कोमल प्रसाद के फुफेरे भाई) सहित अन्य लोगों के नाम पर जमीन दर्ज की गई, जबकि पंचायत रिकॉर्ड में ऐसे किसी पट्टे का उल्लेख नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रत्येक व्यक्ति से 1 से 2 लाख रुपये तक की अवैध वसूली की गई। मामला तब उजागर हुआ जब ग्राम पंचायत द्वारा शासकीय योजना के अंतर्गत भूमि की उपलब्धता भुइंया पोर्टल से जांची जा रही थी। लोक सेवा केंद्र से खसरा और नक्शा निकलवाने पर इस घोटाले की पूरी जानकारी सामने आई। गांव में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। इस मामले पर जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा, शिकायत गंभीर है। जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि अवैध नामांतरण को निरस्त कर शासकीय भूमि को पुनः घास मद में शामिल किया जाए और दोषियों पर एफआईआर दर्ज कर न्यायिक कार्रवाई की जाए।

# घायल युवक के पैर में ड्रेसर ने रजाई की तरह लगाए टांके


अस्पताल परिसर में हंगामा करते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला अस्पताल में इलाज के नाम पर घोर लापरवाही का मामला सामने आया है। जिला अस्पताल में घायल युवक के पैर में मरहम पट्टी के बजाय रजाई-गद्दे की तरह टांके लगा दिए गए, जिससे उसकी हालत और ज्यादा गंभीर हो गई।

जानकारी के अनुसार घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। यहां मौजूद ड्रेसर ने डॉक्टर की अनुपस्थिति में उसके पैर में टांके लगाने शुरू कर दिए। आरोप है कि ड्रेसर ने टांके लगाने में कोई चिकित्सकीय सावधानी नहीं बरती और जैसे कपड़े या गद्दे में सिलाई की जाती है, उसी तरह पैर की टांकेबंदी कर दी। कुछ ही घंटों में घायल युवक के पैर में तेज दर्द और सूजन बढ़ गई। संक्रमण का खतरा बढ़ते देख उसके साथियों ने तत्काल उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी गंभीर स्थिति का इलाज किया जा रहा है। परिजनों और स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यहां मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि दोषी ड्रेसर पर सख्त कार्यवाही की जाए और अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

## पीजी कॉलेज सभी छात्रों की पहली पंसद, उमरेली, रामपुर कॉलेज में संकाय को लेकर छात्र परेशान

# ग्रामीण अंचल के कालेजों में प्रवेश के प्रति छात्रों का रुझान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अटल बिहारी विद्यालय से संबद्ध जिले के सभी शासकीय अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरु हो गई है। ग्रामीण अंचल की छात्रों की पहली पसंद पीजी कॉलेज बनी हुई है। रामपुर और उमरेली जैसे शासकीय महाविद्यालयों में विज्ञान संकाय को लेकर छात्र परेशान नजर आ रहे हैं। बीते वर्ष छात्र संख्या कम होने के कारण संकाय बंद होने की स्थिति निर्मित हो गई थी।

जिले में शासकीय अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश को लेकर प्रक्रिया शुरु हो गई है। 31 जुलाई तक प्रवेश की अंतिम तिथि तय की गई है। पहली सूची सभी महाविद्यालयों में जारी की गई है।


फाइल फोटो

**जटगा कॉलेज नहीं आ सका अस्तित्व में**

जटगा शासकीय कॉलेज बीते पांच वर्ष से हाई स्कूल भवन में संचालित है। अब तक उक्त महाविद्यालय में छात्रों की दर्ज संख्या भी सौ के लगभग पहुंची है। विज्ञान संकाय में अब तक एक भी प्रवेश नहीं हो सका है। छात्रों की समस्या को देखते हुए शाला पोषण अभियान कटघोरा कॉलेज के प्राध्यापकों के द्वारा जटगा कॉलेज के आसपास संचालित स्कूलों का जब सर्वे किया गया तो एक मात्र हाई स्कूल ही मौजूद है जहां विज्ञान संकाय से 12 उत्तीर्ण करने वाले छात्रों की संख्या कम है। ऐसी स्थिति में कॉलेज में विज्ञान संकाय शुरु करना मुश्किल हो गया है।

पीजी कॉलेज में सभी संकायों में प्रवेश को लेकर छात्रों की ज्यादा भीड़ है। सर्वाधिक अंक भी इसी महाविद्यालय की सूची में दर्ज हुई है। प्रवेश की प्रक्रिया में ग्रामीण अंचल के महाविद्यालयों में प्राध्यापकों की कमी के साथ संकायों में छात्र नहीं मिलने की समस्या सामने आई है। ग्रामीण अंचलों में उच्च शिक्षा की विस्तार योजना अंतर्गत बीते तीन वर्षों में धड़ाधड़ा शासकीय कॉलेज खोले गए हैं जिनमें कुछ कॉलेज को तो शासकीय स्कूलों के भवन में चलाया जा रहा है। संसाधन और सुविधा नहीं होने से प्रवेश के प्रति छात्रों का रुझान कम हो रहा है।

### गाय के बछड़े का मिला शव, मचा हड़कंप

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मंगलवार को विद्युत गृह स्कूल क्रमांक-1 के समीप झाड़ियों में गाय के बछड़े का कटा हुआ सिर एवं अन्य अंग मिलने से लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। ज्ञात हो कि घटना की जानकारी मिलते ही गौ सेवकों और हिंदू संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। पूरे मामले में पुलिस को जानकारी दी गई है प्रथम दृष्ट्या लोगो ने पूरे मामले को गौ हत्या से जुड़ा होने का संदेह जताया है। ज्ञत हो कि कुछ दिन पूर्व उरगा थाना क्षेत्र में भी एक व्यक्ति गौ मांस के साथ पकड़ा गया था। सावन माह में गौ हत्या को लेकर आक्रोश जताते हुए कठोर कार्यवाही की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### दवा दुकान में चोरी करने वाला नाबालिग पकड़ा गया

**बिलासपुर।** दवा दुकान में चोरी करने वाले नाबालिग को पुलिस ने पकड़कर बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया है। उसके पास से 23 हजार 500 रुपए जब्त किया गया है। ज्ञात हो कि अशोकनगर एकता कालोनी निवासी उमाशंकर प्रसाद पिता फागूराम बरगाह 13 जुलाई की रात 10 बजे अपनी मेडिकल दुकान बंदकर घर लौट गए थे। 14 जुलाई को सुबह 8 बजे दुकान गए तो शटर हल्का खुला हुआ था और हुक निकला हुआ था। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त थे। गल्ले में रखा 25 हजार रुपए चोरी हो गई थी। पुलिस ने एक नाबालिग को पकड़कर 23 हजार 500 रुपए बरामद कर उसे बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया है।

### सेवा सहकारी समिति के आपरेटर से मारपीट

**बिलासपुर।** सेवा सहकारी समिति में लाठी से तोड़फोड़ कर आपरेटर से मारपीट करने वाले ग्रामीण के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, रमतला निवासी विनोद क्षत्री सेंदरी सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक है। उन्होने रिपोर्ट लिखाई 14 जुलाई को कार्यालयीन समय से समिति कर्मचारी काम कर रहे थे। इसी दौरान कमलेश सिंह ठाकुर, आकास यादव समिति में धूसकर कर्मचारियों के साथ गाली गलौज कर लाठी से जमकर तोड़फोड़ की गई है। उसके बाद रास्ते में आपरेटर आशीष दुबे से कमलेश सिंह ठाकुर एवं एक अन्य व्यक्ति ने गाली गलौज कर मारपीट किया गया है। पुलिस ने प्रबंधक श्री क्षत्री की रिपोर्ट पर कमलेश सिंह ठाकुर, आकास यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 296 व आपरेटर आशीष दुबे की रिपोट पर कमलेश सिंह ठाकुर व एक अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अरपा नदी में लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** अरपा लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस जांच में जुट गई है। कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, मंगलवार को लोगों ने पचरीघाट अरपा नदी में एक व्यक्ति की लाश देखी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव बाहर निकालकर पहचान कार्रवाई की। मृतक की पहचान मूलत : सीपत हालमुकाम चिंगराजपारा निवासी राजेन्द्र सूर्यवंशी के रूप में हुई। उसके शरीर पर चोट के निशान है। एक दिन पहले घरवालों ने सरकण्डा थाने में गुम होने की रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। पीएम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### दुकान का टीन शेड उखाड़कर चोरी

**बिलासपुर।** बीती रात चोरो ने दुकान के टीन का शेड उखाड़कर नकद रकम, काजू, किसमिस, बादाम चोरी कर भाग गए। सीसीटीवी फुटेज के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, शांति चौक मंगला निवासी जीतराम रजक पिता रामस्वरूप पटवारी तालाब आजाद चौक के पास दुकान चलाते है। सोमवार की रात 10 बजे दुकान बंद कर घर चले गए। देर रात चोरो ने उनकी दुकान के टीन का शेड उखाड़कर गल्ले से 10 हजार 500 रुपए नकद, बादाम, किसमिस, छोहारा, काजू चोरी कर भाग गए। मंगलवार को वह दुकान खोले तब चोरी की जानकारी हुई। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति चोरी करते नजर आ रहा है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है।

**जुलाई माह से लागू हो चुकी है नई दरें** | **विभाग के पास नहीं पहुंचा है अब तक ट्रैरिफ बुक**

# अगस्त से लगेगा बिजली बिल का झटका, 100 यूनिट में 50 रुपए अधिक होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली की दरों में परिवर्तन कर दिया है। उपभोक्ताओं को 300 से 400 यूनिट की खपत पर 30 से 50 रुपए तक अधिक देना पड़ेगा, वहीं 500 से 600 युनिट पर पर 70 रुपए तक ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। जाहिर है इससे उपभोक्ताओं के जेब ढीली होना तय है। इसका विरोध भी हो रहा है लेकिन कंपनी द्वारा दर लागू होने के बाद अगस्त माह में बिजली बिल नई दरों के साथ ही मिलेंगें।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने आम उपभोक्ताओं को बिजली का झटका दे दिया है। अगर आप 300 से 400 यूनिट तक बिजली की खपत करते हैं तो अगस्त के बिल में 50 रुपये तक की राशि जुड़ जाएगी। इसी तरह से 500 से 600 यूनिट तक खपत होने पर 60 व 70 रुपये अतिरिक्त देना पड़ेगा। आयोग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली की नई दरों को स्वीकृति दे दी है। यह एक जुलाई 2025 से प्रभावशील लागू हो चुकी है। विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार एक यूनिट बिजली की उत्पादन लागत जहां 7.20 रुपये है, वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को यह न्यूनतम 4.10 रुपये प्रति यूनिट की दर से दी जा रही है। बिजली अधिकारियों का कहना है कि भले ही आयोग ने 10 से 20 पैसे प्रति युनिट की बढ़ोत्तरी की है लेकिन अभी तक ट्रैफिक बुक नहीं मिल सका है। ऐसे में अधिकारी भी यह नहीं बता पा रहे है कि कितने रूपए की बढ़ोत्तरी होगी। दरअसल बिलिंग ऑनलाइन प्रोसेस में है ऐसे में कुछ चार्ज में इसे जोड़कर बढ़ाया जाएगा। वहीं राज्य सरकार द्वारा 400 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्ताओं को बिजली बिल में हाफ यानि 50 प्रतिशत की छूट देती रहेगी।

**इस तरह समझे यूनिट का बजट**

| यूनिट | वर्तमान दरे | राशि | नई दरें | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 0-100 | 3.90 पैसे | 390 रू | 4.10 | 410 |
| 101-200 | 4.10 | 410-820 | 4.20 | 424.2 |
| 201-400 | 5.50 | 1105-2200 | 5.60 | 1125.6 |
| 401-600 | 6.50 | 2606.5-3900 | 6.60 | 2646.6 |
| 601 से अधिक | 8.10 | 4868.1 | 8.30 | 4988.3 |



### सभी श्रेणियों में बढ़ेगा बिल

सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरें बढ़ा दी गईं हैं। घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरें 10-20 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाई गईं हैं। वहीं, गैर घरेलू उपभोक्ताओं को औसत 25 पैसे प्रति यूनिट का झटका दिया गया है। इसके अलावा कृषि पम्पों के उपभोक्ताओं के लिए 50 पैसे प्रति यूनिट बिजली दरें बढ़ाई गईं हैं। विद्युत नियामक आयोग ने नया टैरिफ रेट 1 जुलाई से लागू किया है भले ही नई दरों की घोषणा 11 जुलाई को की गई है।

### उपभोक्ताओं को मिल जाएगी जानकारी

ट्रैरिफ लागू होने के बाद अगले माह से बिल जनरेट किया जाता है। वर्तमान में ट्रैरिफ बुक नहीं आई है, सारा प्रोसेस ऑनलाइन है। उपभोक्ताओं को जानकारी मिल जाएगी।

**-एके अम्बस्ट,** कार्यपालक निदेशक, विद्युत विभाग

**सिरगिट्टी और इंडस्ट्रीयल एरिया के लोगों को तारबाहर आने के लिए रेलवे क्रासिंग पार करनी पड़ी**

# काउकेचर लगाने तारबाहर अंडरब्रिज 11 दिन तक बंद, राहगीर परेशान

**तारबाहर अंडरब्रिज...**



**चुचुहियापारा अंडरब्रिज...**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तारबाहर अंडरब्रिज को काऊकेचर लगाने के लिए मंगलवार की सुबह से लेकर 11 दिनों तक बंद कर कर दिया गया है। इसके कारण सिरगिट्टी नगर पंचायत और इंडस्ट्रीयल एरिया की ओर रहने वाले राहगीरों को तारबाहर तरफ आने के लिए चुचुहियापारा रेलवे क्रासिंग का उपयोग करना पड़ा। इस दौरान सबसे अधिक परेशानी स्कूल के बच्चों को उठानी पड़ी।

बिलासपुर रेल मंडल में तारबाहर रेल क्रासिंग बहुत ही अधिक महत्वपूर्ण है। इस रेल क्रासिंग से प्रतिदिन 300 से अधिक मालगाड़ियों के अलावा हावड़ा-मुम्बई के बीच चलने वाली मेल, एक्सप्रेस, दिल्ली, कटनी और अन्य रूट की ओर आने-जाने वाली यात्री ट्रेनों का परिचालन किया जाता है। इसके अलावा जो गाड़ियां बाहर से बिलासपुर स्टेशन में आकर समाप्त होती हैं, उन ट्रेनों को डिपो ले जाने का कार्य भी इसी क्रासिंग से ही किया जा रहा है। तारबाहर से लेकर सिरगिट्टी नगर पंचायत और इंडस्ट्रियल एरिया में आने-जाने वाले लोगों की संख्या प्रतिदिन 20 से 22 हजार के करीब है, जिसमें स्कूल बच्चों से लेकर कार्यालयीन कर्मचारी-अधिकारी और व्यापारी वर्ग भी शामिल हैं। लोगों को क्रासिंग में बेरियर बंद होने के कारण परेशानियों को देखते हुए करीब 20 करोड़ रुपए की लागत से तारबाहर शिव मंदिर के पास से लेकर सिरगिट्टी नगर पंचायत शराब भट्टी तक अंडरब्रिज का निर्माण कार्य किया गया है। बारिश के दौरान अंडरब्रिज में पानी भरने की लोगों को धूल और गड्ढे.की समस्या से जूझना पड़ता है। इस तरह की परेशानियों को लोगों की प्रतिदिन की है। अब अंडरब्रिज में लोगों के लिए एक नई समस्या आ गई है। रेलवे के अनुसार बारिश के दौरान मवेशियों का जमावड़ा होने लगा था, जिसके कारण आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसकी शिकायत रेल प्रशासन से की गई, जिसके उपरांत रेल प्रशासन ने समस्या के निराकरण एवं सुगम सड़क आवागमन की सुविधा देने 15 जुलाई मंगलवार से लेकर 25 जुलाई शुक्रवार यानि 11 दिन तक अंडरब्रिज को पूरी तरह से बंद करते हुए काउकेचर लगाने का कार्य शुरु कर दिया गया है। इस अवधि में लोगों के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में चुचुहियापारा अंडरब्रिज का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

**सबसे अधिक परेशानी बच्चों को**

तारबाहर रेल अंडरब्रिज बंद होने के कारण सबसे अधिक परेशानी स्कूल के बच्चों को होगी। सिरगिट्टी से लेकर चुचुहियापारा की ओर जाने वाली सड़क की हालत काफी खराब हो चुकी है, जहां कदम-कदम पर गड्ढे.होने की वजह से बारिश में पानी भर जाते हैं। इसके अलावा स्कूल टाइम में पहुंचने वाले बच्चों को अब 15 मिनट पहले ही घर से और मरीजों के लिए पहुंचने वाले एम्बुलेंस को भी चुचुहियापारा अंडरब्रिज से घुमकर आना पड़ा।

**घुमावदार है चुचुहियापारा ब्रिज**

चुचहियापारा रेलवे क्रासिंग को स्थानीय लोगों की मांग पर बनाया गया था। चुचुहियापारा के लोगों को तारबाहर क्रासिंग पर बने अंडरब्रिज तक आने-जाने के लिए दो से तीन किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता था, जिसके कारण उन्हें परेशानी हो रही थी। चुचुहियापारा रेल क्रासिंग पर बनाए गए अंडरब्रिज को इस तरह बनाया गया है, जहां से अगर दो बड़ी गाड़ियां निकल जाए तो यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ जाती है। वहीं चुचुहियापारा की ओर ब्रिज का रास्ता तो सीधा है, लेकिन हेमूनगर की ओर बनाए गए रास्ते को घुमावदार बना दिया गया है। यहां से गाड़ियां निकालने में ही लोगों को काफी परेशानी हो जाती है।

# सूने मकान और दुकानों के बाद अब चोरों के निशाने पर महापुरुषों की प्रतिमाएं





हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में अब तक लोगों के घरों दुकानों में चोरी की घटनाएं हो रही थी लेकिन अब एक ऐसा चोर गिरोह सक्रिय है जो महापुरुषों की प्रतिमाओं से भाला और चश्मा भी चोरी कर ले जा रहे है। ऐसा ही कुछ मामला मंगलवार को सामने आया है। देर रात चोरों ने शहर के चौक-चौराहों पर स्थापित महाराणा प्रताप का भाला और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का चश्मा चोरी कर लिया। इन चोरियों से एक तरफ महापुरुषों के अपमान को लेकर लोगों में आक्रोश का माहौल है तो वहीं दूसरी ओर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जैसे चोर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे है।

■ महाराणा प्रताप का भाला और पं. दीन दयाल का चश्मा चोरी

सरगुजा जिले में इन दिनों चोरी की घटनाएं आम बात हो गई है। सूने मकानों का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपयों की चोरी को अंजाम दे रहे है। जबकि दुकानों में भी आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आ रही है। सड़कों किनारे खड़े बाइक स्कूटी की चोरी करना अपराधियों के लिए बाएं हाथ का खेल हो गया है। सरगुजा में चोर पुलिस के लिए सिरदर्द बन चुके है। चोरी की घटनाओं में पुलिस को सफलता भी मिल रही है और बड़े पैमाने पर चोर पकड़े भी जा रहे है लेकिन इन सब के बीच अब चोरों के निशाने पर महापुरुषों की प्रतिमाएं आ गई है। चोरों ने बीती रात शहर के महाराणा प्रताप चौक से महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा से भाला चोरी कर लिया। वहीं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा से उनका चश्मा चोरी हो गया है।

**नशेड़ी युवकों का काम**

महापुरुषों की प्रतिमाओं से हो रही चोरियों को लेकर समाज के लोगों में आक्रोश का माहौल है। लोगों का कहना है कि यह सीधे तौर पर महापुरुषों का अपमान है। हालांकि इन चोरियों के पीछे किसी साजिश की मंशा नजर नहीं आ रही है। यह सिर्फ और सिर्फ नशेड़ी किस्म के युवकों का काम माना जा रहा है। भाला और चश्मा चोरी करने से चोर को भी कोई बड़ी राशि नहीं मिलेगी। ऐसा लग रहा है कि चोर इन चोरियों के माध्यम से पुलिस को चुनौती दे रहे है। ऐसे में अब देखना यह है कि पुलिस इन चोरों को पकड़ पाती है या नहीं।

**चल रही है जांच**

इन चोरियों के पीछे नशेड़ियों का काम हो सकता है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और जांच जारी है। जल्द ही इन आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

-राजेश अग्रवाल
एसएसपी सरगुजा

# गोंड़पारा के मकान में लगी भीषण आग, घरेलू सामान जलकर खाक



घर में लगी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गोड़पारा के एक मकान के उपर कमरे में भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। कोतवाली पुलिस लोगों के सहयोग से पानी डालकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। उसके बाद दमकन के पानी से आग पर काबू पाया गया है। आग से कमरे में रखा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया है।

■ कमरे में रखा घरेलू सामान जलकर खाक

कोतवाली पुलिस के अनुसार, गोंडपारा कैनरा बैंक के सामने रहने वाले राजकुमार शर्मा के घरवाले शाम को नीचे घर में थे। उपर के रूम में कोई नहीं था। रात करीब 8 बजे घर के लोगों ने उपर के कमरे से आग की लपटे निकलती देखा, जिससे हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों के सहयोग से पानी डालकर आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई। इसी दौरान एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। दमकल के पानी से आग पर काबू पा लिया गया है। मकान मालिक श्री शर्मा ने बताया, उपर कमरे में रखा टीवी, फ्रीज सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया है। शार्टसर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

# म्यूल खाते से साइबर ठगी के दो लाख का लेनदेन, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस की ओर से रेंज साइबर थाने में धोखाधड़ी की रकम और लेनदेन के मामले में म्यूल खातों की जांच की जा रही है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस ने एक आरोपित के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। आरोपित के खाते में साइबर ठगी के दो लाख 95 हजार 343 रुपये का लेनदेन हुआ है। अब आरोपित की तलाश की जा रही है।

■ मामले के जांच में जुटी पुलिस

रेंज साइबर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के रायगढ़ जिला अंतर्गत अलीबाग निवासी कृश रजक ने समन्वय पोर्टल पर आठ मई 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उज्जीवन स्मल फायनेंस बैंक बिलासपुर व्यापार विहार शाखा के खाता धारक सुजित बंजारे नामक व्यक्ति के बैंक खाते में साइबर ठगी से मिले चार हजार रुपये जमा की गई है। जांच में पता चला कि नौ अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच सुमित के खाते में दो लाख 95 हजार रुपये का संदिग्ध लेनदेन हुआ। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी ने अपने बैंक खाते का उपयोग जानबूझकर साइबर अपराध में किया। उसके खाते से पीड़ितों से ठगे गए रुपयों को अपने लाभ के लिए उपयोग किया जा सके। सारे रुपये पीड़ितों से धोखाधड़ी कर ली गई थी।

आरोपित ने साइबर ठगों की मदद की। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

# ससुर ने बहु पर फावड़ा से किया जानलेवा हमला, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

खेती बाड़ी की बात को लेकर ससुर ने बहू पर फावड़ा से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुई महिला का उपचार अस्पताल में जारी है।

इधर घटना की रिपोर्ट जीजा ने लुण्ड्रा थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ससुर के विरूद्ध अपराध दर्ज कर किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम धनौरा निवासी सलीम बखला ने लुण्ड्रा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है। वह शादी के बाद पत्नी के साथ ग्राम गेरसा महुआपारा के हरिशचंद्र के यहां रहता है। जबकि पत्नी की बहन अनिता कुजूर की शादी गांव के कैलाश के साथ हुआ है। कैलाश सीएएफ में नौकरी करने के कारण बाहर था। गत दिन वह खेत की ओर गया तो पता चला कि साली अनिता कुजूर को उसका ससुर खेती बाड़ी की बात को लेकर साली अनिता कुजूर को हत्या करने के नियत से फावड़ा से सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे अनिता कुजूर को गंभीर चोट लगने से घायल हो गई। सलीम ने घटना की जानकारी पत्नी के भाई बाबुलाल व शनिराम किण्डो को दिया। दोनों भाई बहन को शहर के अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार जारी है। इधर जीजा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ससुर के विरूद्ध धारा 109(1) के तहत अपराध दर्ज किया है

# घर से भागने वाले नाबालिग पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नाबालिग होने के बाद लड़का और लड़की एक दूसरे को पसंद कर प्यार करने लगे। इसकी भनक उनके माता-पिता को लगी तो दोनों को फटकार लगाई। इस फटकार के बाद दोनों ने घर से भागने का बड़ा कदम उठा लिया और बिलासपुर रेलवे स्टेशन में घूमते हुए आरपीएफ और सिविल डिफेंस के हत्थे चढ़ गए।



मंगलवार को बिलासपुर रेलवे स्टेशन में उपनिरीक्षक मनोज कुमार, प्रधान आरक्षक जेके शर्मा के साथ प्लेटफार्म नम्बर 4-5 में ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान आरपीएफ स्टाफ ने एक बालक और बालिका को साथ में घूमते हुए देखने के बाद पूछताछ करने के लिए पोस्ट लाया। 15 वर्षीय बालिका अनूपपुर मध्यप्रदेश और 16 वर्षीय बालक ने पूछताछ में बताया कि दोनों एक दूसरे को पसंद करते हैं। दोनों का गांव आसपास है। घर में मां बाप के डांटने एवं मारने पीटने के कारण दोनों घर से भागकर आए हैं और बिलासपुर से मुम्बई जा रहे हैं।

आरपीएफ ने बालक और बालिका के पास से 37 हजार रुपए नकद, मोबाइल जब्त किया। इसके उपरांत मुख्य स्टेशन प्रबंधक बिलासपुर को सूचित करते हुए बालक एवं बालिका के उचित देखरेख व संरक्षण हेतु उपनिरीक्षक मनोज ने चाइल्ड लाइन टीम के मेम्बर चंद्रश तिवारी को अग्रिम कार्रवाई हेतु सुपुर्द कर दिया।

# घर के सामने खड़े आटो में लगाई आग, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** घर के सामने खड़े आटो में आग लगा दी, जिससे आटो जलकर खाक हो गया है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, कुंदरापारा निवासी कुनाल खाण्डे 13 जुलाई को शाम 7 बजे अपनी आटो क्रमांक सीजी 10 एडब्ल्यू, 9487 खड़ी कर दिए थे। रात करीब 2 से 3 बजे के बीच अज्ञात लोगों के द्वारा उनकी आटो में आग लगा दी। आवाज सुनकर वह घर से बाहर निकले तो आटो जल रही थी। घरवालों ने पानी डालकर आग बुझाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# पीएम आवास में अवैध रूप से किया गया यूरिया का भंडारण, अपराध दर्ज करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रधान मंत्री आवास में दलाल के बहकावे में आकर अविध रूप से उर्वरक का भंडारण करना एक ग्रामीण को महंगा पड़ गया है। उर्वरक का भंडारण काला बाजारी के उद्देश्य से किया गया था। ऐसे में कलेक्टर ने अवैध रूप से खाद का भंडारण करने के मामले में उर्वरक माफिया समेत दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के निर्देश दिए है।

■ 1640 बोरी यूरिया किया गया था जब्त

■ उदयपुर विकास खण्ड का मामला

बता दें कि हाल ही में उदयपुर तहसीलदार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम डांडगांव में प्रधान मंत्री आवास में पंकज अग्रवाल द्वारा 1640 बोरी यूरिया का भंडारण किया गया है। सूचना मिलने के बाद तहसीलदार, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, हल्का पटवारी तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में दिनांक 25 जून को मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया गया। पंकज अग्रवाल द्वारा ताले की चाबी न देने पर ताला तोड़कर मकान में प्रवेश किया गया, जहां यूरिया भंडारित पाया गया। जांच के दौरान उर्वरक की प्राप्ति और भंडारण से संबंधित कोई वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। अनावेदक पंकज अग्रवाल ने उत्तर में बताया कि वह पिकअप वाहन से किसानों को भाड़े पर उर्वरक पहुंचाता है और यह उर्वरक किसानों द्वारा खरीदा गया था, जिसे अस्थायी रूप से सुखराम के खाली मकान में रखा गया था। हालांकि कलेक्टर न्यायालय ने पाया कि प्रस्तुत जवाब व तर्क प्रमाणित एवं समाधानकारी नहीं हैं, और कोई वैध दस्तावेज या खरीदी रसीद प्रस्तुत नहीं की गई। अतः यह कृत्य आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश का उल्लंघन मानते हुए न्यायालय ने संबंधित थाना उदयपुर में प्राथमिकी दर्ज करने तथा 7 दिवस में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया है।

कलेक्टर ने मकान मालिक सुखराम आ. बुधियार एवं पंकज अग्रवाल आ. मदन अग्रवाल के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/5 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी किया है।

## खबर संक्षेप



### 23 कांवरियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना

**हरदीबाजार।** ग्राम भलपहरी से 23 कांवरियों की टोली बाबा बैजनाथ की दर्शन के लिए सुल्तानगंज से 105 किलोमीटर चलकर देवघर झारखंड में बाबा के ऊपर जलार्पण करेंगे और गांव की सुख समृद्धि की कामना करेंगे। इन भक्तों की टोली में दीनदयाल राठौर, राजेंद्र राठौर, विमलेश कश्यप, बंटी राठौर, प्रहलाद राठौर, गौरव राठौर, गगन राठौर, गोकुल राठौर, प्रखर राठौर, विकास कश्यप, भानु राठौर, आंसू राठौर, निखिल कश्यप, बल्लू कश्यप, निहाल कश्यप, नंदलाल कंवर, कृष्णचंद्र कंवर, कृष्णा कंवर, मोटू कंवर, मंजीत कंवर, दिनेश मरावी, संजय राठौर, सुनील राठौर शामिल हैं।

### शिवभक्तों की सुविधा के लिए किया श्रमदान, हटाया मलबा



**कोरबा।** सावन मास में भगवान शिव के प्रति भक्ति और श्रद्धा का अनुपम उदाहरण देखने को मिला जब श्रम सेवा भू-विस्थापित कामगार संगठन के पदाधिकारियों ने हसदेव नदी घाट पर श्रमदान कर मलबा हटाया। यह वही घाट है, जहां से हर साल हजारों शिवभक्त कांवड़ और अन्य पात्रों में जल भरकर कनकेश्वरधाम कनकी और मां सर्वमंगला मंदिर परिसर के शिवालय में जलाभिषेक करते हैं। दुरपा रोड स्थित मां सर्वमंगला मंदिर के समीप हसदेव नदी के घाट पर भारी मात्रा में मलबा जमा हो गया था। इस कारण श्रद्धालुओं को जल भरने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। घाट की इस बदहाल स्थिति को देखते हुए संगठन के सदस्यों ने स्वयं श्रमदान करने का निर्णय लिया। संगठन के अध्यक्ष राजेन्द्र पटेल के नेतृत्व में उपाध्यक्ष देशू पटेल, गंगा प्रसाद, यादें पटेल, कबीर पटेल, मनमोहन, त्रिलेश्वर, तरुण, भूपेन्द्र, संदीप समेत अन्य पदाधिकारियों ने मिलकर घाट से मलबा हटाया। अब घाट पर श्रद्धालुओं के लिए जल भरना आसान हो गया है और वे बिना किसी कठिनाई के कांवड़ यात्रा के लिए हसदेव का पवित्र जल ले सकेंगे।

### पोंडी उपरोड़ा में रामायण कथा का हुआ शुभारंभ



**कोरबा।** ग्राम पंचायत पोंडी उपरोड़ा के हनुमान चबूतरा समिति क्षेत्र में सम्पूर्ण श्रावण मास में रामायण गान एवं भजन कीर्तन करने का आयोजन किया गया, जहां प्रथम सोमवार को राजपुरोहित आचार्य नीरज दूबे के सानिध्य में ग्राम सरपंच की उपस्थित में पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य यजमान के रूप में सियाराम यादव सहपत्नी शामिल हुए आरती गान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आसपास क्षेत्र की मानष टोलियों में हिस्सा लिया। राजगढ़ी पोंडी उपरोड़ा सरपंच प्रतिनिधि तीर्थेश्वर प्रताप सिंह तंवर के सौजन्य प्रथम सोमवार का आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रकार द्वितीय सोमवार को कैलाश तंवर, तृतीय सोमवार को सियाराम यादव एवं चतुर्थ सोमवार को सीताराम यादव के सौजन्य से भजन कीर्तन एवं मानष गान किया जाएगा। समिति द्वारा प्रसाद वितरण कर श्रावणी आयोजन को विश्राम किया जाएगा। मुख्य रूप से तीर्थेश्वर प्रताप सिंह तंवर, गणेश यादव, सियाराम यादव, गुलाब दास, लक्ष्मी नारायण सिंह कंवर सहित संपूर्ण हनुमान चबूतरा समिति आयोजन में लगें हुए हैं। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

### मानदेय शिक्षकों की प्रक्रियाहीन भर्ती से अभ्यर्थियों में रोष

**कोरबा।** जिले में मानदेय शिक्षकों की भर्ती चर्चा का विषय बनी हुई है। जिसमें वास्तव में भर्ती प्रक्रिया में भारी अनियमितता देखने को मिल रही है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भर्ती मापदंडों को दरकिनार करते हुए तुगलकी फरमान की तरह आदेश जारी कर 7 दिवस के भीतर पूरे जिले के उक्त विद्यालयों से आवेदन जमा लेकर छटनी करके पात्र अभ्यर्थियों का चयन कर जिला कार्यालय को प्रेषित करने को कहा गया है। दरअसल कुछ दिन पहले ही जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मानदेय शिक्षक के लगभग 464 पदों पर भर्ती के लिए पत्र भी जारी किया गया था, जिसमें एक सप्ताह के भीतर अभ्यर्थियों के आवेदन जमा लेकर चयन करके भेजने को कह गया। आदेश आते ही अभ्यर्थियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी, लेकिन पारदर्शी रूप से विज्ञापन नहीं निकलने से सभी के मन मे संशय बना हुआ है कि कहीं ऊपर नीचे करके भर्ती कर लिया लाएगा। वहीं दूसरी अनियमितता यह है कि उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सामाजिक अध्ययन के पद निकाले गए हैं और जब अभ्यर्थी फॉर्म जमा करने जा रहे हैं तो कहीं राजनीति शास्त्र वालों को भूगोल विषय रिक्त है बोलकर आवेदन नहीं लिया जा रहा है तो कहीं भूगोल वालों को राजनीति शास्त्र के पद रिक्त हैं बोलकर गुमराह किया जा रहा है।

## घरों से निकले हुए कचरे को पृथक-पृथक डस्टबिन में डालें

# पथरीपारा की समस्याओं का निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त ने नगर निगम के वार्ड क्र. 17 पथरीपारा में वार्ड पार्षद के साथ जनसमस्याओं को देखने पैदल भ्रमण करते हुए विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों, पारों के स्थानीय निवासियों से भेंट मुलाकात कर उनकी साफ-सफाई व नालियों की समस्याओं को सुना तथा तत्काल संबंधित ठेकदार व सफाई कर्मचारियों को 24 घंटे का अल्टीमेटम देकर वहॉं की सफाई के कडे.निर्देश अधिकारियों को दिए।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने मंगलवार को नगर निगम के कोसाबाड़ी जोन अंतर्गत पथरीपारा का दौरा कर वहां की साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क रोशनी व्यवस्था आदि से जुडे. कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान कुछ स्थानों पर गदंगी व कचरा पड़ा होने, समय पर सफाई कार्य पूरा न करने तथा नालियों में कचरे का जमाव देखकर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने संबंधित स्वच्छता पर्यवेक्षक व सफाई कार्य के ठेकेदार को सफाई कार्यों में कसावट लाकर नियमित रूप से सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई कार्य हों, नियमित रूप से साफ-सफाई की जाए, नालियों में कचरे का जमाव न हों, यह



स्थानीय निवासियों से चर्चा करते निगम आयुक्त।

अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं। उन्होने स्वच्छता दीदियों से कहा कि जिन बस्तियों में सकरी स्थानों पर सफाई रिक्शा पहुंच नहीं पाता, उन सकरी गलियों के निवासियों को सिटी बजाकर अवगत कराये कि सफाई रिक्शा आपके घर तक नहीं पहुंच सकता, तथा वे सफाई रिक्शें तक पहुंचकर अपने घरों से निकले हुए कचरे को पृथक-पृथक डस्टबिन में ही कचरे को डालें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निर्देश देते हुए स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता सुपरवाईजर को कहा कि स्वच्छता दीदियों का उनके घरों तक पहुंचने का एक निश्चित समय निर्धारित हो, जिससे लोगों को यह मालूम हो सके कि लगभग इस समय तक स्वच्छता दीदियों के आने का समय सीमा निर्धारित है, इसके लिए स्वच्छता दीदियों का सुबह समय पर प्रतिदिन निकलने का समय निश्चित हो। भ्रमण के दौरान वार्ड क्र. 17 पथरीपारा व डबरीपारा की समस्या से स्थानीय पार्षद ने अवगत कराया कि अधिकांश स्थानों पर रात को अंधेरा रहता है, जिसके लिए उन्होने बिजली संबंधी समस्याओं के लिए अधिकारियों से कहा कि जिन स्थानों के स्ट्रीट लाईट खराब हो, उन्हें तुरंत दुरूस्त कर लगवाने के निर्देश दिये। निगम आयुक्त ने स्वच्छता दीदियों से कहा कि वे ड्रेस कोड पहनकर कचरा लेने के लिए निकले।

#### शहर की स्वच्छता में दें सहयोग

निगम आयुक्त ने भ्रमण के दौरान वार्डों के नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। निगम आयुक्त ने निगम की साफ-सफाई व्यवस्था में उनके सहयोग व सुझाव का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि घरों से निकले हुए सूखे व गीले कचरे को पृथक-पृथक डस्टबिन में संग्रहित करके रखें, निगम द्वारा डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था बनाई गई, स्वच्छता दीदियॉं आपके घर कचरा लेने के लिए आती हैं, अतः उक्त कचरे को स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही दें। उन्होने अपील की कि कचरे को सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर न डालें तथा अपने गली, मोहल्ले व कोरबा शहर को साफ-सुथरा रखने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दें।

## चचिया में हाथियों ने दी दस्तक ग्रामीणों को किया गया अलर्ट



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के जंगलों में हाथी की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। कटघोरा एवं कोरबा वनमंडल में बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है। जिससे ग्रामीणों को खतरा लगातार मंडरा रहा है। हालांकि अब तक वन विभाग की सक्रियता व ग्रामीणों की सावधानी के चलते कोई बड़ी घटना नहीं हुई है लेकिन इसकी संभावना बनी हुई है। इसे देखते हुए वन विभाग लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी कराई जा रही है तथा निगरानी भी बढ़ा दी गई है। जानकारी के अनुसार 22 हाथियों का झुण्ड कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज तथा 46 हाथी कटघोरा के एतमानगर जटगा व पसान रेंज में सक्रिय हैं। कुदमुरा में सक्रिय हाथियों का झुण्ड धरमजयगढ़ क्षेत्र के हाटी वनपरिक्षेत्र से यहां पहुंचा है। अचानक पहुंचे हाथियों ने दिन भर कुदमुरा के जंगल में डेरा डालने के बाद रात को आगे बढ़ा और चचिया परिसर पहुंच गया। बड़ी संख्या में हाथियों के आने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग की टीम सूचना मिलने पर हाथियों की निगरानी करने के साथ चचिया एवं आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का अभियान शुरू कर दिया है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि क्षेत्र में हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है अत वे जंगल की ओर न जाएं तथा हाथियों से दूरी बनाए रखें।

## स्टेप डांस अकादमी योगा एंड फिटनेस क्लब ने मनाया सावन उत्सव




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्टेप डांस अकादमी योगा एंड फिटनेस क्लब ने 13 जुलाई को महाराजा होटल में सावन उत्सव मनाया। अनेकता में एकता की थीम को लेकर पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फन गेम सहित कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। सरप्राइज गेम के माध्यम से राखी मधु और ज्योति साहू को सावन क्वीन चुना गया। स्मिता शबीना ज्योति गुप्ता गेम विनर रही, पंक्चुअलिटी इनाम फातिमा को और बेस्ट ड्रेस अप मनीषा को दिया गया। पारंपरिक वेशभूषा कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था की संचालिका पुष्पा कहरा के मार्गदर्शन में किया गया। राखी मंडल वीना दीप्ति का विशेष योगदान रहा।

## अमरैयापारा में पानी भरने से रोकने गुरु घासीदास चौक से बनेगा नाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम बारिश के समय पानी भराव की समस्या से निपटने नया प्रपोजल बना रहा है। इसके तहत न्यू अमरैयापारा में पानी ना भरे इसके लिए गुरु घासीदास चौक से नया नाले का निर्माण कराएगा। पानी को डाइवर्ट करने से चिमनीभट्ठा के साथ रामनगर में समस्या नहीं होगी। निगम के वार्ड क्रमांक 14 के साथ आसपास की बस्तियों में बारिश के समय पानी भराव हो रहा है। इसका एक बड़ा कारण तीन ओर से बारिश का पानी आना है। केसीसी नाला, रविशंकर शुक्ल नगर, एसईसीएल कॉलोनी कॉलोनी की ओर न्यू अमरैयापारा नाले में पानी आता है। इसके अलावा पाम मॉल की ओर से नाला भी बस्ती के किनारे से गुजरी है। जिसके कारण भी पानी का भराव होता है। बारिश के पानी को पोखरी तक ले जाने के लिए मुड़ापार सड़क किनारे से नाले का निर्माण कराया जाएगा। यह एसईसीएल ऑफिस किनारे से होकर पोखरी तक जाएगी। सड़क किनारे शराब दुकान के पास रामनगर की ओर से आई नाली यहीं पर कनेक्ट होगी। इससे बस्ती में पानी का भराव नहीं होगा। इसके लिए पहले 3 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया था। अब इसकी लागत 5 करोड़ तक होगी। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि रेलवे लाइन के नीचे गुजरी नाले की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। इससे पानी निकासी आसान हो जाएगी।

## बारिश के मौसम में टिन के शेड में चल रही शासकीय प्राथमिक शाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा



कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए कचरा रखने के शेड में प्राथमिक शाला संचालित हो रहा है। पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले कई प्राथमिक शालाएं जर्जर हो चुकी है, जिसमें छात्र-छात्राओं को बैठने में भी डर लगता है, किंतु मजबूरी बस शिक्षकों द्वारा जर्जर भवन में शाला का संचालन किया जा रहा है। कुछ ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत कपोट के अंतर्गत ग्राम पखना में देखने को मिला। जहां पर 59 छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं, उन्हें पढ़ने के लिए दो शिक्षक ही पदस्था हैं। वहां पर अध्ययन रात सभी छात्र-छात्राएं आदिवासी समुदाय से आते हैं। जहां बच्चे अध्यनरत है वहां बने कचरा शेड को टीना की चोदर से छाया गया है। वहां पानी गिरने पर बैठे छात्र-छात्राओं को शिक्षक द्वारा बताए गए उत्तर सुने ही नहीं देता। इसी प्रकार चैतमा के चारपारा एवं छपराहीरापा भवन भी जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। इसकी जानकारी शिक्षकों एवं संकुल प्रभारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को कई बार दिया जा चुका है। चुनाव के पूर्व इन भवनों का इंजीनियर द्वारा मरम्मत कार्य के लिए सर्वे भी कराया गया था, किंतु आज दिनांक तक उसका कुछ पता नहीं चला, जिससे छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में बीईओ पाली श्री साहू से बताया कि उनके द्वारा आरईएस के एसडीओ को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है। स्वीकृति न मिलने के कारण स्थिति जर्जर बनी हुई है।

## उरगा स्कूल में प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरगा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा मुंह मीठा भी कराया गया और पाठ्य पुस्तक का भी वितरया किया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा पौधरोपण किया गया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुष्मिता कमलेश अनंत एसएमडीसी अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामचंद्र पाटले एवं वरिष्ठ नागरिक समेलाल जगत, कृष्णा राजपूत, गणेश पटेल, उपसरपंच सनत दिवाकर, रामा चंद्रा, रामचंद्र टंडन, श्रीमती सोनाबाई कुर्रे सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी प्राचार्य श्रीमती पी श्रीवास द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता आरपी कुर्रे तथा आभार प्रदर्शन व्याख्याता केबी लहरें द्वारा किया गया।

## स्वयंसेवकों ने बनाया सोख्ता गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना चैतमा युवा मंत्रालय भारत सरकार मय भारत, क्षेत्रीय निर्देशालय भोपाल, राज्य अधिकारी, डॉ.मनोज सिन्हा समन्वयक अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर, प्रो वाय के तिवारी, प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम, शासन प्रशासन, जिला अधिकारी के निर्देश पर वीरेंद्र कुमार बंजारे रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ईको क्लब प्रभारी के मार्गदर्शन में स्वंय सेवक नीतीश, अनीश, जीवेश, नीरज, पंकज, नवनीत, रोहित, विजय, साहिल, तुशार, आयुष स्वंय सेवकों विद्यार्थियों ने श्रमदान कर पांच सोख्ता गड्डा निर्माण कर जल संरक्षण का संदेश दिया। प्राचार्य चंद्राणी सोम ने कहा कि आज के समय में जल संरक्षण और स्वच्छता सबसे बड़ी चुनौतियाँ बन




रासेयो के सदस्य।

चुकी हैं। गाँवों और शहरों में गंदे पानी की निकासी एक गंभीर समस्या है। इस समस्या से निपटने का सरल और प्रभावी उपाय है सोख्ता गड्ढा यह गड्ढा घर, विद्यालय में वर्षा जल को भूमि में सोखने का कार्य करता है। सोख्ता गड्ढा एक ऐसा गड्ढा होता है जिसमें घरेलू या अन्य प्रकार के उपयोग किए गए पानी को डाला जाता है। यह पानी धीरे-धीरे मिट्टी में समा जाता है जिससे जलभराव, बदबू, मच्छर और बीमारियों की समस्या नहीं होती। यह पर्यावरण के अनुकूल और सस्ता समाधान है। वीरेंद्र कुमार बंजारे व्याख्याता कार्यक्रम अधिकारी इको क्लब प्रभारी ने बताया कि सोख्ता गड्ढा निर्माण की विधि सोख्ता गड्ढा बनाना बहुत ही आसान है। इसके निर्माण के लिए लगभग 3 फीट चौड़ा और 3 से 5 फीट गहरा गड्ढा खोदा जाता है। गड्ढे के नीचे और किनारों को ईंटों से सजाया जाता है या पत्थरों का उपयोग किया जाता है। गड्ढे में पहले मोटे पत्थर, फिर रोड़ी (कंकड़), फिर कोयला या राख, और ऊपर रेत की परत डाली जाती है। सोख्ता गड्ढे के लाभ यह जलभराव से बचाता है।

## ड्रेगन मार्शल आर्ट् एकेडमी के बॉक्सरों ने जीते 2 रजत एवं 5 कांस्य पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिलासपुर बॉक्सिंग संघ द्वारा आयोजित 17वीं सब जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो 11 से 13 जुलाई तक रेलवे बॉक्सिंग स्टेडियम बिलासपुर में आयोजित हुई। जिसमें सभी जिले के बॉक्सरों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें कोरबा जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन एवं ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी से कुल 9 बॉक्सरों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें बालक वर्ग में हाशिम अली 30-33 किलोग्राम रजत पदक, इशाक कुजूर 35-37 किलोग्राम कांस्य पदक, गुलशन बोरकर 37-40 किलोग्राम कांस्य पदक,अर्पित दुबे 40- 43 किलोग्राम कांस्य पदक, अथर्व शर्मा 46- 49 किलोग्राम कांस्य पदक, अंकुश केवट एवं बालिका वर्ग में हर्षिता केवट 30- 33 किलोग्राम, सिद्धि सारथी 40- 43 किलोग्राम रजत पदक,गौरी कर्ष 46-49 किलोग्राम कांस्य पदक ने इस प्रतियोगिता में प्राप्त किया।

## पायलट प्रोजेक्ट के तहत चल रहा काम

# बालको की पहल, कृषि में नवाचार को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने स्मार्ट और सस्टेनेबल कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अपने प्रमुख सीएसआर प्रोजेक्ट 'मोर जल मोर माटी' के अंतर्गत कंपनी ने एक ऑटोमेटेड वेदर एंड वाटर स्टेशन (एडब्ल्यूडब्ल्यूएस) स्थापित किया है।

पायलट चरण में यह स्टेशन पांच किलोमीटर के दायरे में चयनित गांवों के 200 से अधिक किसानों को कवर कर रहा है। भविष्य में इसे विस्तार देते हुए और अधिक किसानों तक पहुंचाने की योजना है। यह भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल के अनुरूप है, जो डिजिटल



बुनियादी ढांचे के विस्तार के साथ-साथ अंतिम छोर तक सशक्तिकरण प्रदान करती है। जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन और तकनीक कृषि पर गहरा प्रभाव डाल रहे हैं, वैसे-वैसे आधुनिक तकनीकों तक पहुंच किसानों के लिए पानी और बीज जितनी ही जरूरी होती जा रही है। इस प्रकार की सूचना एवं संचार तकनीक (आईसीटी) आधारित समाधान जैसे कि एडब्ल्यूडब्ल्यूएस इस डिजिटल खाई को कम कर रहा है और सीएसआर प्रयास इस बदलाव को गति देने में अहम भूमिका निभा रहा हैं। बालको द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में इन स्मार्ट समाधानों को एकीकृत करने से कृषि-बुद्धिमत्ता का प्रवाह मजबूत हो रहा है और जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा मिल रहा है। एडब्ल्यूडब्ल्यूएस के माध्यम से किसानों को स्थानीय स्तर पर मौसम की पूर्वानुमान और कृषि परामर्श की जानकारी प्राप्त होती है। उन्हें सिंचाई की योजना बनाने, बुवाई और कटाई का समय तय करने और मौसम की घटनाओं के लिए तैयारी करने में सहायता मिली है। यह जानकारी रीयल टाइम में ग्राम विकास समितियों, व्हाट्सएप चैनलों और जमीनी जागरूकता अभियान के माध्यम से प्रदान की जाती है। साथ ही सिस्टम मिट्टी की नमी, कीट और रोग पूर्वानुमान तथा फसल सुरक्षा रणनीतियों की जानकारी भी देता है। इससे किसान नुकसान को कम, पैदावार की रक्षा और उत्पादकता बढ़ा सकेंगे। इस पहल के माध्यम से बालको ग्रामीण कृषि समुदायों में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दे रहा है, साथ ही उन्हें जलवायु चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बना रहा है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम तकनीक को औद्योगिक उत्कृष्टता के साथ-साथ समुदाय के सशक्तिकरण का एक शक्तिशाली माध्यम मानते हैं। 'मोर जल मोर माटी' परियोजना के तहत एडब्ल्यूडब्ल्यूएस की स्थापना किसानों के लिए सटीक जानकारी के माध्यम से कृषि को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एक डिजिटल-प्रथम संगठन के रूप में हम नवाचार को अपनी सामाजिक पहल में एकीकृत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि हम एक सक्षम और भविष्य के लिए बेहतर समुदाय का निर्माण कर सकें।

कोरबा मार्केट



## खबर संक्षेप

### महिला की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

**कोरबा।** एक महिला की हत्या करने वाले आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पवन कुमार कौशिक ने 19 सितंबर 2022 को रात में महिला कला बाई की हत्या कर दी थी। अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय जायसवाल ने बताया कि आरोपी पवन कुमार कौशिक ने महिला कला बाई के घर में घुसकर उसकी हत्या कर दी थी। आरोपी ने महिला के मुंह को दबाकर और उसके सिर में मारकर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया था और अदालत में अभियोग पत्र पेश किया था। अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास और 2 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय के इस फैसले से पीड़ित परिवार को न्याय मिला है। पीड़ित परिवार ने न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है और कहा है कि उन्हें न्याय मिला है।

### निगम ने जारी किए क्यूआर कोड

**कोरबा।** निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देशन में नगर निगम द्वारा निगम के सभी जोन व फील्ड के अधिकारी कर्मचारियों, राजस्व निरीक्षकों, पर्यवेक्षकों को क्यूआर कोड जारी किया गया है। संबंधित जोन के अधिकारी व फील्ड के कर्मचारियों को नकद राशि के रूप में अर्थदण्ड की राशि जमा न करके, सीधे आनलाईन पेमेंट के माध्यम से लिए जाने वाले सभी प्रकार के अर्थदण्डों के लिए क्यूआर कोड जारी किया गया, जिसके द्वारा पेंमेंट किया जा सकता है। आम नागरिकों की सुविधा व डिजिटल कार्यों को बढ़ावा देने के लिए इस प्रक्रिया के माध्यम से आनलाईन पेंमेंट कर सीधे निगम के कोष में राशि को जमा किया जा सकता है।

### वन भूमि पर कब्जा करने का प्रयास असफल

**कोरबा।** वन भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था बड़े भूभाग पर बाउंड्री भी कर ली गई थी वन विभाग की टीम ने वहां पहुंचकर अवैध कब्जे को ढहा दिया गया। सिंचाई कॉलोनी कोरबा से थोड़ा आगे बसी बस्ती डिंगापुर के बड़े भूभाग पर कब्जा किया जा रहा था। बड़े हिस्से पर बाउंड्री कर दी गई थी कुछ और जमीन पर बाउंड्री वॉल खड़ी करने के लिए रॉड बांध दिए गए थे। चूंकि यह वन भूमि है इसलिए जैसे ही इस कब्जे की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को मिली मौके का निरीक्षण कर उसे तोड़ देने का निर्देश दिया गया। जेसीबी के जरिए कब्जा हटा दिया गया।

### प्राथमिक शाला तौलीपाली में नवीन भवन निर्माण का हुआ भूमिपूजन



**कोरबा।** ग्राम पंचायत तौलीपाली में नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण का भाजपा के जिला महामंत्री टिकेश्वर सिंह राठिया व जिला मंत्री जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिमन्यु राठिया की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के दौरान भाजपा जिला महामंत्री टिकेश्वर राठिया ने कहा की बहुत दिनों से तौलीपाली मे प्राथमिक शाला भवन की आवश्यकता थी जर्ज़र भवन होने से बरसात मे विद्यार्थियों को परेशानी होता था। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया ने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा काफी दिनों से प्राथमिक शाला नविन भवन की मांग रही हैं, और करीबन 15 लाख रूपये की भवन बनाया जायगा अब इसके निर्माण से स्कूल मे पढ़ने वाले विद्यार्थीयों को बरसात के दिनों मे भी अब परेशानी नहीं होंगे। ग्रामीणों ने स्कूल में पानी की समस्या को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया के समक्ष मांग रखा जिसे पानी टंकी जल्द स्वीकृति दिलाने अश्वासन दिया गया।

### निगम की अनदेखी, मोर कोरबा पार्क की सुंदरता पर लगा ग्रहण




**कोरबा।** नगर निगम द्वारा नागरिकों के मनोरंजन और शहर की सुंदरता बढ़ाने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 18 कोहड़िया में निर्मित मोर कोरबा पार्क असामाजिक तत्वों को अड्डा बन गया है। हाल ही में पार्क को नये रूप में सजाया गया था। सुरक्षा के अभाव में सौंदर्यीरण में तोड़ फोड़ रहा है। रंग-बिरंगे अक्षरों में सजा मोर कोरबा का साइनबोर्ड कुछ दिनों पहले हर आने-जाने वाले के आकर्षण का केंद्र बन गया था, लेकिन खूबसूरत पहल ज्यादा दिन टिक नहीं पाई। कुछ असामाजिक तत्वों ने इस पार्क में तोड़फोड़ कर नगर निगम की सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाया है। जिससे उसकी चमक और सौंदर्य दोनों फीके पड़ गए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है क यह केवल संपत्ति का नुकसान नहीं, बल्कि शहर की पहचान और स्वाभिमान पर चोट है। लोगों ने नगर प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, साथ ही पार्क की सुरक्षा के लिएनिगरानी की व्यवस्था की जाए।

## जिले में चल रही है मानदेय शिक्षकों की भर्ती

# शिक्षक की मांग, सेजस कोरबी के छात्र पहुंचे जिला मुख्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तरफ जिले में डीएमएफ से मानदेय शिक्षकों की भर्ती का दौर चल रहा है वहीं दूसरी तरफ पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के कोरबी क्षेत्र के सेजस स्कूल के छात्र शिक्षक की मांग को लेकर मंगलवार को सुबह 11 बजे जिला मुख्यालय पहुंच गए थे। जहां उन्होंने आवक जावक शाखा में ज्ञापन देकर लौट आये। मानदेय शिक्षक की भर्ती सेजस स्कूलों में नहीं की जा रही है। जबकि सभी सेजस स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है।

**खास बात**

- सेजस स्कूलों में है शिक्षकों की कमी, फिर भी भर्ती नहीं

सेजस स्कूलों में शिक्षकों की समस्या लगातार बीते लंबे समय से बनी हुई है। उसके बावजूद शिक्षकों की व्यवस्था करने के मामले में दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। जिस तरह से मानदेय शिक्षकों की भर्ती की जा रही है उससे स्कूलों में शिक्षक तो पहुंच जाएंगे किंतु सेजस स्कूल इस मामले में वंचित रहेंगे। कई ऐसे सेजस स्कूल हैं जहां शिक्षकों की कमी बनी हुई है किंतु वर्तमान में चल रहे भर्ती में सेजस स्कूलों को बाहर रखा गया है, जबकि शिक्षक की मांग को लेकर जिला मुख्यालय से 80 किमी दूर सेजस कोरबी के छात्र छात्राएं शिक्षक की मांग को लेकर कलेक्टर पहुंच गए थे। छात्र छात्राओं ने बताया कि उनके स्कूल में शिक्षकों की कमी के कारण लगातार पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कई बार शिक्षकों के मांग को लेकर विभाग को अवगत कराया गया है किंतु शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई। शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्कूल में कक्षा पहली से दसवीं तक की कक्षाएं संचालित है। बोर्ड परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं था। शिक्षक की व्यवस्था नहीं होने का परिणाम छात्र छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है।



कलेक्टोरेट के सामने खड़ी छात्राएं।

**मानदेय शिक्षक की जानकारी जिले की वेबसाइड में की गई अपलोड**

मानदेय शिक्षकों के भर्ती के संबंध में नियम शर्तों और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तथा रिक्त स्थान वाले स्कूलों की जानकारी अंततः जिले के वेबसाइड में अपलोड की गई है जबकि 8 जुलाई को भर्ती के संबंध में दिशा निर्देश, रिक्त पदों की जानकारी तैयार हो गई थी किंतु सोशल मीडिया में इसकी जानकारी सार्वजनिक हुई थी। अधिकांश अभ्यर्थियों को आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि की जानकारी नहीं हुई और न ही रिक्त स्थान वाले स्कूलों की मामला सामने आने के बाद कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को भर्ती के संबंध में समस्त जानकारी जिले के वेबसाइड में अपलोड करने के निर्देश दिए। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई बतायी गई है।

**शिक्षकों की नहीं हो रही भर्ती**

जिले में स्वामी आत्मानंद स्कूल में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। जिनमें रिक्त पदों पर भर्ती के लिए कई बार प्रक्रिया शुरु की गई जो विभिन्न तकनीकी कारणों से पूरी नहीं की जा सकी है। वर्तमान में चल रही मानदेय शिक्षकों की भर्ती के लिए जो सूची तैयार की गई है उक्त सूची में सेजस स्कूलों का नाम नहीं है। जबकि उन स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। उसके बावजूद विभाग द्वारा शिक्षकों की भर्ती के मामले में सेजस स्कूलों के साथ दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है।

# पैसा दोगुना कराने वाले के घर आईटी की दबिश



कार्यवाही करती आईटी विभाग की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कटघोरा तहसील के भांठा गांव निवासी धीरपाल दीवान के घर पर सोमवार सुबह इनकम टैक्स आईटी विभाग की विजिलेंस टीम ने छापा मारा। टीम ने दीवान के घर की तलाशी और दस्तावेज़ों की जांच शुरू की है।

जानकारी के मुताबिक धीरपाल दीवान का नाम एक फर्जी निवेश कंपनी ट्रीगर एनएफटी से जुड़ा है। यह कंपनी चिटफंड के तर्ज पर काम करती थी और लोगों को 40 दिन में पैसा दोगुना करने का लालच देकर उनसे मोटी रकम निवेश कराती थी। जानकारी के अनुसार कटघोरा और आसपास के इलाकों में लगभग 40 से 50 लोग इस कंपनी के नेटवर्क मार्केटिंग सिस्टम के तहत काम कर रहे थे। ये लोग भोले-भाले निवेशकों को ऐप के माध्यम से पैसा लगाने के लिए प्रेरित करते थे। आईटी विभाग को इस गिरोह की लंबे समय से जानकारी थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अब जाकर विभाग ने छापेमारी की कार्रवाई शुरू की है। इस कार्रवाई के बाद आम लोगों में चर्चा का माहौल है और निवेशकों में डर फैल गया है। जिन लोगों ने ट्रीगर एनएफटी ऐप में पैसे लगाए थे, वे अब अपने पैसे डूबने को लेकर चिंतित हैं। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि धीरपाल दीवान इस पूरे रैकेट में किस भूमिका में शामिल था और कितने लोगों से कितना निवेश कराया गया है। आईटी विभाग की जांच अब भी जारी है और आगे कई और खुलासे होने की संभावना है। जिले में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां शॉर्टकट में पैसा दोगुना करने के नाम पर लोगों को ठगा गया है। कोरबा क्षेत्र धीरे-धीरे ठगी के ऐसे गिरोहों का अड्डा बनता जा रहा है।

# मंत्रियों की बैठक में शामिल होने उद्योग मंत्री आज जाएंगे दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



लखन देवांगन

छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन आगामी 16 एवं 17 जुलाई को दो दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली जाएंगे। इस दौरान वे भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पूरी की अध्यक्षता में आयोजित सुरक्षित ऊर्जा भविष्य हेतु राज्य नेतृत्व पर मंत्री स्तरीय सम्मेलन में भाग लेंगे। मंत्री श्री देवांगन का यह दौरा राज्यों के बीच ऊर्जा नीति, निवेश अवसर और सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जारी कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री देवांगन 16 जुलाई को दोपहर 2.55 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से दिल्ली के लिए नई दिल्ली जाएंगे। मंत्री श्री देवांगन 17 जुलाई को भारत मण्डपम ऑडिटोरियम नई दिल्ली में भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आयोजित सुरक्षित ऊर्जा भविष्य हेतु राज्य नेतृत्व पर मंत्री स्तरीय सम्मेलन में शामिल होंगे। वे नई दिल्ली से संध्या 7.20 बजे नियमित विमान से प्रस्थान कर रात्रि 8.55 बजे रायपुर लौट आएंगे।

# फार्मर आईडी के बिना किसानों को नहीं मिलेगी पीएम किसान निधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आगामी धान खरीदी खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए राज्य शासन ने एग्रीस्टेक प्रोजेक्ट के अंतर्गत एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी किसान पंजीयन को सभी किसानों के लिए अनिवार्य कर दिया है। जिन किसानों के पास फार्मर आईडी नहीं रहेगी उन्हें किसान सम्मान निधि नहीं मिलेगी और न ही व धान बेच पाएंगे। इसके तहत प्रदेश भर के सभी किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत किया जाएगा जिससे किसान समर्थन मूल्य पर पारदर्शिता के साथ आसानी से धान विक्रय कर पाएंगे।

**खास बातें**

- एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का फार्मर आईडी पंजीयन कराना अनिवार्य
- पोर्टल फार्मर आईडी पंजीकृत किसान ही सोसाइटी में विक्रय कर पाएंगे धान

जिले में एग्रीस्टेक पोर्टल पर फार्मर आईडी किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित की गई है। अब तक जिले के कुल 56,801 किसानों ने फॉर्मर आईडी बनवा लिया हैं। जिसमें अजगरबहार तहसील में 1474, तहसील बरपाली में 10555, कोरबा में 2971, करतला में 4108 , भैंसमा में 4151, कटघोरा में 3863, दर्री में 1035, दीपका में 3837, पाली में 9008, हरदीबजार में 5547, पोड़ी उपरोड़ा में 6539 एवं पसान 3713 किसानों ने फार्मर आईडी पंजीयन करा लिया है। फसल बीमा कराने हेतु एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी किसान पंजीयन अनिवार्य किया गया है तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किस्त का हस्तांतरण फार्मर आईडी, किसान कार्ड के आधार पर किये जाने के निर्देश पीएम किसान सम्मान निधी योजना में हैं। जिले के 1,42, 424 किसानों का पंजीयन है, इसमें से अब तक केवल 56801 सहित 39.88 प्रतिशत किसानों ने एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी किसान पंजीयन कराया है। किसानों द्वारा पोर्टल में फार्मर आईडी नही बनवाने की स्थिति में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के किस्त से वंचित हो सकते हैं।

**11 अंकों की विशिष्ट पहचान**

पंजीयन पश्चात किसानों को आधार नंबर के जैसे 11 अंकों की एक यूनिक फॉर्मर आईडी (विशिष्ट किसान आईडी) मिलेगी जिससे किसान डिजिटल रूप से अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेंगे। एग्रीस्टेक भारत सरकार द्वारा विकसित एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य भारतीय कृषि क्षेत्र को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है। यह किसानों के लिए एक व्यापक डेटाबेस बनाने पर केंद्रित है जिसमें उनकी पहचान, भूमि रिकॉर्ड, वित्तीय जानकारी, फसल की जानकारी और बीमा इतिहास शामिल है।

**स्वयं या समिति व सीएससी से भी करा सकते हैं पंजीयन**

एग्रीस्टेक पोर्टल पर किसान स्वयं पंजीयन कर सकते हैं अथवा अपने क्षेत्र के सहकारी समिति अथवा निकटतम लोक सेवा केन्द्र (सीएससी) में जाकर पंजीयन करा सकते हैं। फॉर्मर आईडी बनवाने के लिए किसान को अपने सभी कृषि भूमि का बी-1, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड और आधार से लिंक मोबाईल नम्बर जिसमें आधार सत्यापन ओटीपी प्राप्त होती हो) की आवश्यकता होगी।

# रेल लाइन विस्तार के लिए ग्राम पुरैना, बरपाली खरहरी के किसानों की ली जाएगी जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में रेलवे संरचना के विस्तार को लेकर एक अहम कदम उठाया गया है। कोरबा-चांपा मार्ग में बसे ग्राम मड़वारानी से सरगबुंदिया के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाने की योजना को मंजूरी मिल चुकी है। इस परियोजना के तहत अप और डाउन दिशा में कुल 12.20 किलोमीटर लंबाई की नई रेल लाइन बिछाई जानी है, जिसके लिए शासकीय और निजी मिलाकर कुल 9.4865 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है।

**खास बात**

- तीसरी-चौथी रेल लाइन को मिली मंजूरी

रेलवे की इस महत्वाकांक्षी परियोजना से कुल 262 किसान प्रभावित होंगे। जिनकी भूमि इस परियोजना के दायरे में आई है, उसका प्रकाशन राजपत्र में किया जा चुका है। प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। बरपाली तहसील के ग्राम पुरैना, बरपाली और खरहरी में किसानों की भूमि का चिन्हांकन किया गया है। ग्राम पुरैना के 147 किसानों की भूमि के साथ 6.4655 हेक्टेयर शासकीय भूमि चिन्हित की गई है। ग्राम बरपाली के 69 किसानों की 2.579 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की जद में आई है। ग्राम खरहरी में 14 किसानों की भूमि के साथ 0.441 हेक्टेयर शासकीय भूमि अधिग्रहण की गई है। सभी प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इस परियोजना को रेलवे बोर्ड से पहले ही स्वीकृति मिल चुकी थी। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के आम बजट में इस कार्य के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की थी। इसके बाद रेल प्रशासन ने जमीन का सर्वे, चिन्हांकन तथा शासकीय भूमि पर प्राथमिक कार्य शुरू कर दिया था।



फाइल फोटो

**कोरबा स्टेशन पर 13 लाइन**

कोरबा रेलवे स्टेशन पर तीन प्लेटफॉर्म के साथ कुल 13 रेल लाइनें हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश पर मालगाड़ियां खड़ी रहती हैं या दौड़ती रहती हैं। इस वजह से बिलासपुर की ओर से आने वाली यात्री ट्रेनों को अक्सर मड़वारानी, सरगबुंदिया या उरगा के बीच रोका जाता है। नई लाइनें बिछने के बाद यह समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी, और यात्री ट्रेनों की आवाजाही ज्यादा सुगम हो सकेगी।

# राख के गड्ढे में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रिसदी लालघाट डेंगुरनाला के पास राख में लिपटा एक अज्ञात शव मिला है जिसमें पुलिस ने पानी भरे गड्ढे में गिरने से युवक के मौत की आशंका जताई है। रिसदी लालघाट में स्थानीय निवासियों को नाले से लगभग 100 मीटर दूर स्थित एक गड्ढे से तेज दुर्गंध आने की शिकायत मिली। जांच करने पर उन्हें राख में लिपटा एक शव मिला। स्थानीय लोगों ने तुरंत 112 पर सूचना दी। 15 जुलाई की सुबह थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जिला प्रशासन और नगर सेना रेस्क्यू टीम की मदद से शव को बाहर निकाला। पुलिस अभी तक मृतक की पहचान नहीं कर पाई है। पहचान के लिए स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। शव की तस्वीरें व्हाट्सएप ग्रुप में साझा की गई हैं। 15 ब्लॉक से एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना मिलने पर उसके परिजनों को भी मौके पर बुलाया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस क्षेत्र में संयंत्र से निकलने वाली राख को नदी-नालों और जंगल के किनारे डाला जाता है। इससे गर्मी और आंधी-तूफान के मौसम में लोगों को परेशानी होती है। वार्ड पार्षद और स्थानीय निवासियों ने इस समस्या की शिकायत कई बार संबंधित विभाग से की है।

**खास बात**

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र का मामला

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में उठा बिजली बढ़ोत्तरी का मुद्दा

# घरेलू बिजली दरों में बढ़ोत्तरी से उपभोक्ताओं में बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने लगातार दूसरे साल घरेलु बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी की गई है, जिससे उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान कही। श्री यादव ने कहा कि घरेलु उपभोक्ताओं की बिजली दरों में 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। यह लगातार दूसरा साल है जब घरेलु बिजली महंगी की गई है। पिछले साल 20 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाये गये थे। ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई का हाल बहुत बुरा है। ग्रामीण क्षेत्रों में घंटो बिजली गूल रहती है। बरसात के दिनों में खास कर। श्री चौहान ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से भी लोग परेशान हो रहे हैं। बहुत तेजी से लोगों की जेब कट रही है। इसके बावजूद भाजपा सरकार ने बिजली की दरों में वृद्धि कर दी है। एक जुलाई से बढ़ी हुई दरें लागू होगी जो अगस्त के माह में बढ़ा हुआ बिल आयेगा। पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि महंगी बिजली का असर सीधे घरेलु उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। बिजली बिल में औसतन लगभग 13 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई है। कांग्रेस सरकार की 400 यूनिट तक घरेलु उपभोक्ताओं को मिलने वाली 50 प्रतिशत छुट के बाद 500 यूनिट तक बिजली जलाने वालों के बिजली बिल में 45 रूपये की वृद्धि होगी। इसी के साथ गैर घरेलु उपभोक्ताओं के बिलों में भी अलग-अलग श्रेणीवार दरों पर प्रति यूनिट बिजली महंगी हो जावेगा। प्रदेश में लगातार दूसरे साले घरेलु एवं गैर घरेलु बिजली दरों में बढ़ोत्तरी को लेकर नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने भी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि यह गरीबों के जेब पर डाका डालना जैसे है इससे लाखों बिजली उपभोक्ताओं को परेशानी होगी। साय सरकार को इस पर विचार करना चाहिए।



नत्थूलाल यादव



मनोज चौहान

